CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 327 | बिजौलिया - मंगलवार, 09 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान की राजनीति में फिर गहलोत-पायलट चर्चा, भाजपा का हमला

### पूनिया बोले- तिकड़म और मैनेजमेंट की राजनीति के प्रतीक हैं गहलोत, शेखावत ने कहा- प्रासंगिक बने रहने की कोशिश

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कांग्रेस नेता सचिन पायलट को लेकर दिए गए बयान के बाद राजस्थान की राजनीति में बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। भाजपा नेताओं ने गहलोत पर तीखे हमले बोलते हुए उनकी राजनीतिक शैली, कांग्रेस संगठन में भूमिका और वर्तमान प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठाए हैं। वहीं कांग्रेस के कुछ नेताओं ने भी गहलोत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है।राज्यसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता सतीश पूनिया ने कहा कि अशोक गहलोत स्वयं अपने बनाए राजनीतिक जाल में फंस गए हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत ने लंबी राजनीतिक पारी जरूर खेली है, लेकिन उनकी पहचान तिकड़म, एडजस्टमेंट और मैनेजमेंट की राजनीति करने वाले नेता के रूप में रही है। पूनिया ने आरोप लगाया कि गहलोत की राजनीति हमेशा नेहरू-गांधी परिवार को खुश रखने के इर्द-गिर्द घूमती रही है। उन्होंने कहा कि यदि गहलोत की राजनीतिक रणनीति इतनी सफल थी तो कांग्रेस की सरकारें दोबारा सत्ता में क्यों नहीं लौट सकीं और आज संगठन की स्थिति इतनी कमजोर क्यों है।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भी गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान की राजनीति में ऐसा कोई मौका नहीं होता जब गहलोत की टिप्पणी के पीछे कोई राजनीतिक उद्देश्य न हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर चल रहा अंतर्विरोध किसी से छिपा नहीं है और पार्टी के अलग-अलग गुट लगातार एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि गहलोत जब भी मौका मिलता है, अपने मन की पीड़ा सार्वजनिक कर देते हैं और यह दर्द अब बार-बार सामने आने लगा है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस में इन दिनों संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है और पार्टी आलाकमान अब गहलोत को पहले जैसी अहमियत नहीं दे रहा है। ऐसे में वे विद्रोही तेवर दिखाकर खुद को फिर से चर्चा के केंद्र में लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने और सुर्खियों में बने रहने की आदत गहलोत के स्वभाव का हिस्सा बन चुकी है।



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी गहलोत पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस में सचिन पायलट को नई जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चाएं चल रही हैं और इसी वजह से गहलोत बेचैन दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन या संगठनात्मक बदलाव की चर्चा होती है, तब गहलोत की प्रतिक्रिया सामने आ जाती है। शेखावत ने कहा कि वर्षों तक राजस्थान कांग्रेस की राजनीति का केंद्र रहे गहलोत अब उस स्थिति से बाहर होने की आशंका से परेशान हैं और स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए लगातार बयान दे रहे हैं। शेखावत ने कहा गहलोत ने उन्हें राजनीति में अपनी लाइन लंबी करने की सलाह दी थी, लेकिन कांग्रेस का इतिहास बताता है कि पार्टी में जो भी नेता अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश करता है, उसे कमजोर करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि गहलोत द्वारा उन्हें डरा हुआ बताना पूरी तरह निराधार है। उन्होंने कहा कि वे वीर दुर्गादास राठौड़ की परंपरा के अनुयायी हैं और भय उनकी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा नहीं है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गहलोत को अपने राजनीतिक भविष्य और घटती प्रासंगिकता का डर अधिक सताता है। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत का पूरा राजनीतिक जीवन सत्ता और पद से जुड़े रहने की राजनीति का उदाहरण रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी राजनीतिक प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

उधर, कांग्रेस के पूर्व विधायक राकेश पारीक ने भी गहलोत के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर इस तरह की बातें होना स्वाभाविक है। उनके इस बयान को भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय माना जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक खींचतान एक बार फिर सार्वजनिक बहस का विषय बन गई है। भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाओं के बाद यह मामला अब कांग्रेस के आंतरिक विवाद से निकलकर प्रदेश की मुख्यधारा की राजनीति का हिस्सा बन गया है।

## राजस्थान राज्यसभा चुनावः भाजपा प्रत्याशियों ने भरा नामांकन





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

भाजपा प्रत्याशी अलका सिंह ने रिटर्निंग अधिकारी भारत भूषण शर्मा के समक्ष दो नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा नाथू सिंह मौजूद रहे।

वहीं भाजपा के दूसरे उम्मीदवार सतीश पूनिया ने चार नामांकन पत्र दाखिल किए। उनके नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी तथा उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा उपस्थित रहे।

राज्यसभा की तीन सीटों के लिए हो रहे इस द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया के तहत विभिन्न दलों के उम्मीदवार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं।

## विभिन्न मांगों को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, जयपुर घेराव की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के बैनर तले सोमवार को मंत्रालयिक कर्मचारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की।

संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार वैष्णव ने बताया कि प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से पंचायती राज विभाग प्रदेश के करीब 16 हजार मंत्रालयिक




कर्मचारियों की मांगों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है। कनिष्ठ लिपिक भर्ती-2013 की जांच का हवाला देकर मंत्रालयिक संवर्ग की विभिन्न मांगों को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है।

ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि एक ही भर्ती की अलग-अलग स्तरों पर जांच करवाई जा रही है तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच की मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

जिलाध्यक्ष वैष्णव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन प्रदेश स्तर पर जयपुर मुख्यालय का घेराव करेगा। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो कर्मचारी आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगे।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। कर्मचारियों ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर लंबे समय से लंबित मामलों का निस्तारण करने की मांग की।

## 10 साल से फरार 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### इंदौर की झोपड़ी से दबोचा, 2016 में बैंक कैश लूट और फायरिंग मामले में था वांछित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

प्रतापनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2016 के चर्चित बैंक कैश लूट एवं फायरिंग प्रकरण में पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रतापनगर थानाधिकारी सुनील ताड़ा ने बताया कि 18 फरवरी 2016 को इंडसइंड बैंक के कैशियर रविराज सिंह अपने साथी कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड रामलाल के साथ गांधीनगर शाखा से करीब 24.33 लाख रुपए नकद लेकर मुख्य शाखा में जमा कराने जा रहे थे। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधे दो बदमाशों ने रुपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। गार्ड रामलाल ने दोनों बदमाशों को पकड़ लिया, जिससे हाथापाई हो गई। इसी दौरान एक आरोपी का चेहरा खुल गया और उसने पिस्तौल से फायर कर दिया। गोली गार्ड रामलाल की पीठ में लगी। वारदात के बाद दोनों बदमाश पास में मोटरसाइकिल लेकर खड़े तीसरे साथी के साथ फरार हो गए थे।

मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। जबकि मुख्य आरोपी अशोक सिंह उर्फ पप्पू चौहान घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। आरोपी पूर्व में सेना में नौकरी कर चुका है और पहचान छिपाकर लगातार स्थान बदलता रहा, जिसके कारण पुलिस की पकड़ से दूर था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।


पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की तलाश की। इस दौरान मैनपुरी, भिंड, ग्वालियर, इंदौर, धार, राजगढ़, अलीराजपुर और मेघनगर सहित कई स्थानों पर दबिश दी गई। लगातार पीछा करते हुए पुलिस ने आरोपी को इंदौर में एक कच्ची झोपड़ी से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी इंदौर में आलीशान मकान और लग्जरी वाहन का उपयोग करता था, लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए झोपड़ी में छिपकर रह रहा था।

पुलिस ने अशोक कुमार चौहान (49) पुत्र उदयवीर सिंह चौहान, निवासी अग्रवाल मोहल्ला, मैनपुरी (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी मिर्जापुर सैटेलाइट कॉलोनी, थाना तेजाजी नगर, इंदौर (मध्यप्रदेश)को हिरासत में लिया है । पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक गोविंद सिंह, कांस्टेबल सुरेंद्र तथा साइबर सेल के कांस्टेबल पिंटू कुमार ने कार्रवाई में विशेष भूमिका निभाई।

## पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी कार, 9 माह की बालिका की मौत

### पांच गंभीर घायल, हाईवे पर लगा जाम



**भीलवाड़ा फोकस @ लाड़पुरा।**

कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर लाड़पुरा कस्बे के समीप स्थित हाईवे पुलिया के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे एक कार जा घुसी, जिससे कार में सवार 9 माह की बालिका की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और हाईवे पर चक्काजाम की स्थिति बन गई।

हादसे की सूचना पर मांडलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मृत बालिका के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं हादसे के कारण कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर व्यवस्था संभालते हुए यातायात को सुचारू कराया।पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## उमंग-7 अभियान के तहत होटल से दो बाल श्रमिक मुक्त, बाल कल्याण समिति के समक्ष किया प्रस्तुत




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान पुलिस द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे उमंग-7 अभियान के तहत त्रिवेणी चौराहा स्थित श्री शिव भोजनालय पर कार्रवाई करते हुए दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया।

मुक्त कराए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के निर्देश पर दोनों बच्चों को अस्थायी आश्रय हेतु राजकीय किशोर गृह में रखा गया है।


कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई के प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठौड़, उप निरीक्षक ओमप्रकाश सैन, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर सिंह, कांस्टेबल राजविंदर सिंह सहित जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की टीम शामिल रही। सहायक निदेशक धर्मराज पतिहार के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर एवं नवाचार संस्थान के रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर भगवत सिंह चारण ने बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया।

वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की काउंसलर निर्मला पुरोहित ने बच्चों की काउंसलिंग की, जबकि श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक शिवप्रसाद चौधरी ने बच्चों के बयान दर्ज किए।

CMYK

# बोरिंग से केबल चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के बड़लियास थाना कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य चल रहा, जहां रविवार मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा बोरिंग की केबल चुरा ली, चोरों की चोरी की यह घटना कमरे में कैद हो गई, इस संबंध में बड़लियास थाने में मामला दर्ज करवाया । पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुकेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की बड़लियास में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़लियास निर्माण कार्य चल रहा, जहां रविवार मध्यरात्रि को अज्ञात लोगों बोरिंग की विद्युत केबल काट कर ले गए, चोरों द्वारा विद्युत केबल काटने की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो संदिग्ध दिखाई दिये । पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की।।

# गंगापुर में भव्य शोभायात्रा के साथ भागवत कथा आज से



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

नगर में आज मंगलवार से 15 जून तक आयोजित होने वाले सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा महोत्सव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कथा का वाचन मध्यप्रदेश के निनोरा धाम के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित मिथिलेश नागर द्वारा किया जाएगा।

बैठक में कथा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन समिति के सदस्य छोटूलाल माली ने बताया कि मंगलवार सुबह 9.15 बजे पंच तीर्थ बालाजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ होगा। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल महेश्वरी सेवा संस्थान पहुंचेगी। कलश यात्रा के दौरान शहर के मुख्य चौराहों पर स्वागत द्वार सजाए जाएंगे तथा श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

सात दिवसीय कथा के सुचारू संचालन के लिए कथा स्थल व्यवस्था,भोजन एवं आवास, जल सेवा,पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अलग-अलग कार्यकर्ता टीमों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति द्वारा आसपास के गांवों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं ठहरने की विशेष व्यवस्था भी की गई है।

बैठक में आदित्य मंडोवरा, रामसहाय मुंडदा,मुकेश माली, किशन माली,बलराम शर्मा, सुरेश भदादा,सुरेश तिवारी, कैलाश माली,राजेंद्र माली, विनोद पिछोलिया,अशोक सोमानी,रामप्रसाद माली, जगदीश गहलोत,सुनील माली, विनोद लढ़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गर्मी में जलापूर्ति, बिजली व स्वास्थ्य सेवाओं पर जिला प्रशासन सख्त

**समर कंटिन्जेंसी समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गर्मी के मौसम में आमजन को पेयजल, बिजली एवं स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) कार्यालय में समर कंटिन्जेंसी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएचईडी, स्वास्थ्य विभाग, एवीवीएनएल तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समयबद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब हैंडपंपों एवं ट्यूबवेलों की मरम्मत कार्य में तेजी लाने तथा जल संकट की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अस्पतालों में पेयजल, आवश्यक दवाओं एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अस्पतालों में फायर एनओसी, विद्युत वायरिंग की जांच, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा फायर सेफ्टी उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने एवीवीएनएल अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित एवं उच्च प्राथमिकता वाली शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं नगर निगम अधिकारियों को शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आमजन को राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धनपत राज सोनी, परियोजना अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गर्ग, अधिशाषी अभियंता मयंक शर्मा (खंड शाहपुरा) सहित परियोजना एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो घरों में चोरी, नकदी व चांदी के जेवरात ले उड़े चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



थाना क्षेत्र के सुराज गांव में चोरों ने एक बार फिर बेखौफ होकर दो घरों को निशाना बनाते हुए नकदी और चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार रविवार देर रात अथवा सोमवार सुबह अज्ञात चोरों ने सुराज गांव निवासी ओमप्रकाश खटीक के मकान में घुसकर करीब 35 हजार रुपए नकद तथा लगभग 250 ग्राम चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोर घर में रखी नकदी और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। इसके बाद चोरों ने गांव के ही दूदा रावल के घर को निशाना बनाया और वहां से करीब 50 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए।

सुबह परिवार के लोगों को घर में सामान बिखरा हुआ मिला तो चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। दोनों परिवारों ने चोरी की घटना की सूचना तत्काल आसींद पुलिस को दी।

ग्रामीणों ने बताया कि ओमप्रकाश खटीक के घर में करीब एक वर्ष पूर्व भी बड़ी चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें लगभग 9 लाख रुपए की नकदी और सामान चोरी हो गया था। उस घटना के बाद भी क्षेत्र में चोरी की वारदातें रुक नहीं पाई हैं। लगातार हो रही घटनाओं के कारण ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।

सूचना मिलने पर आसींद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है और संभावित संदिग्धों के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

# मातृ स्वास्थ्य व टीकाकरण पर विशेष जोर, संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



ब्लॉक मासिक बैठक का आयोजन सोमवार को जिला चिकित्सालय शाहपुरा के सभागार में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेना राम कुमावत की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रबंध किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कुमावत ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी गर्भवती महिलाओं का 12 सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की समय पर सभी आवश्यक जांचें करवाने एवं प्रत्येक प्रसव संस्थागत स्तर पर कराने के लिए स्वास्थ्य कार्मिकों को प्रेरित किया गया। उन्होंने जिन चिकित्सा संस्थानों में एफसीएम (FCM) की संख्या कम है, वहां एफसीएम बढ़ाने एवं सही रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को दिए। बैठक में लाडो प्रोत्साहन योजना की भी समीक्षा की गई। जिन चिकित्सा संस्थानों में भुगतान संबंधी अंतर सामने आया, उन्हें आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर शीघ्र भुगतान प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया।

आरसीएच गतिविधियों की समीक्षा के दौरान आधार, जनआधार एवं बैंक खाते की जानकारी समय पर फीड करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीकाकरण से वंचित बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने, एमआर-1 एवं एमआर-2 में आ रहे अंतर को कम करने तथा संपूर्ण टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर आशा सहयोगिनियों को स्लाइड बनाकर समय पर जमा करवाने तथा प्रतिदिन 10 घरों का भ्रमण करने को कहा गया। इसके अलावा अनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं विटामिन-ए कार्यक्रम की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

बैठक में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, बीएचएस, एलएचवी, सीएचओ, एसटीएस, एएनएम एवं आशा सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# होलीरड़ा में आज से नव दिवसीय सप्त कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, जल कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(जसवंत पारीक)।** निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में श्रीराम जानकी मूर्ति स्थापना, हनुमान मंदिर पर कलश स्थापना तथा वीर तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर के कलश स्थापना समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार से नव दिवसीय सप्त कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा। धार्मिक आयोजन 17 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा।

आयोजन समिति एवं ग्रामीणों के अनुसार सोमवार को यज्ञाचार्य पंडित गोपाललाल भट्ट, पंडित भगवती प्रसाद शर्मा एवं पंडित लखन शर्मा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रातः भगवान चारभुजा नाथ मंदिर में अखंड रामायण पाठ प्रारंभ कराया गया।

मंगलवार को सुबह 9:15 बजे दसविधि स्नान, प्रायश्चित कर्म, जल कलश यात्रा, मंडप प्रवेश तथा हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे।

आयोजन के तहत 10 जून को देवता स्थापना पूजन, अग्नि स्थापना एवं हवन का शुभारंभ होगा। वहीं 17 जून को प्रातः 8:21 बजे मूर्ति एवं कलश स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 11:21 बजे पूर्णाहुति दी जाएगी तथा दोपहर 3 बजे से प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा।ग्रामीणों ने बताया कि महायज्ञ एवं स्थापना समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# एकजुटता की मिसालः एसएसपी ग्रुप के स्नेह मिलन में एक ही परिवार की चार पीढ़ियां हुईं एकत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**( राजेंद्र बबलू पोखरना)**



सामाजिक, धार्मिक एवं परोपकार के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने वाला एसएसपी ग्रुप एक बार फिर पारिवारिक एकता और संस्कारों की अनूठी मिसाल बनकर सामने आया। ग्रुप द्वारा 6 एवं 7 जून को उदयपुर स्थित मेवाड़ मैन्सन विला में आयोजित दो दिवसीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में एक ही परिवार की चार पीढ़ियों के 40 सदस्य एकत्र हुए। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें परिवार के वरिष्ठतम सदस्य 90 वर्षीय सज्जन सिंह पोखरना से लेकर सबसे छोटे सदस्य डेढ़ वर्षीय दोहिता जिनय तक शामिल हुए। चार पीढ़ियों की एक साथ उपस्थिति ने कार्यक्रम को भावनात्मक और यादगार बना दिया। आयोजकों ने बताया कि एसएसपी ग्रुप केवल पारिवारिक मेल-मिलाप तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्षों से सामाजिक सरोकार, धार्मिक आयोजनों एवं परोपकार के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। समूह द्वारा समय-समय पर सेवा गतिविधियां, धार्मिक कार्यक्रम, समाजहित के आयोजन तथा जरूरतमंदों के सहयोग जैसे कार्य किए जाते रहे हैं। स्नेह मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार के सभी सदस्यों को एक मंच पर लाकर आपसी आत्मीयता, संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। इस दौरान वरिष्ठजनों के अनुभवों का सम्मान किया गया तथा नई पीढ़ी को परिवार की परंपराओं, सामाजिक दायित्वों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों का परिचय, सम्मान समारोह, पारिवारिक संवाद, सामाजिक चर्चा एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। उपस्थित सदस्यों ने ऐसे आयोजनों को परिवार की एकता, आपसी जुड़ाव और संस्कारों को मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। एसएसपी ग्रुप का यह आयोजन न केवल परिवार के सदस्यों के बीच स्नेह और सहयोग को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि सामाजिक, धार्मिक एवं परोपकारी कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी परिचायक बना। परिवार के वयोवृद्ध सज्जन सिंह पोखरना व लाड देवी पोखरना की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें भोपाल सिंह रुगलेचा, राजकुमार कोठारी, राजेन्द्र पोखरना, रोनक लुणावत, पूर्णिमा चौरड़िया, शरद डागलिया, मयंक पाड़लेचा, सिद्धार्थ मोदी, नवीन रुगलेचा, वैभव संखलेचा, राजेन्द्र पोखरना ने भी परिवार के कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रति वर्ष आयोजन करने को कहा ताकि आने वाली पीढ़ी परिवार को समज सके तथा एक दूसरे से रूबरू हो। वही सज्जन सिंह पोखरना ने भी आयोजन में सहयोगियों के आभार जताते हुए सम्मानित किया। समारोह का संचालन शान्ति लाल बबलू पोखरना ने किया। वही उपस्थिति सदस्यों ने वयोवृद्ध 90 वर्षीय सज्जन सिंह तथा 87 वर्षीय लाड देवी पोखरना को शॉल, माला, साफा, दुपट्टा से भव्य स्वागत करते हुए आशिर्वाद लिया। वही परिवार के सबसे छोटे सदस्य जिनय का भी भव्य सम्मान किया गया। साथ ही आगामी वर्षभर ग्रुप की ओर से किये जाने वाले कार्यक्रमो की रुपरेखा तैयार की गई।

# सत्यनारायण तेली पर जानलेवा हमलाः आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से भड़का तेली समाज

**मुखर्जी उद्यान से कलेक्ट्रेट तक निकाली विरोध रैली, बोले - 'संगठित अपराध की धाराएं जोड़ें, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन'**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**




जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र के सरदारनगर निवासी सत्यनारायण तेली पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी एवं मुकदमे में संगठित अपराध से संबंधित धाराएं जोड़ने की मांग को लेकर सोमवार को भीलवाड़ा के तेली समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। समाज के सैकड़ों लोगो ने मुखर्जी उद्यान से कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुलिस अधीक्षक सागर राणा को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान समाजजनों ने आरोप लगाया कि 31 मई को बनेड़ा थाना क्षेत्र के सोभागपुरा चौराहे पर सत्यनारायण तेली पर हुए हमले के मामले में बनेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि हमले में शामिल लोगों ने संगठित गिरोह बनाकर वारदात को अंजाम दिया, लेकिन मुकदमे में संगठित अपराध से संबंधित धाराएं नहीं जोड़ी गई हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि सरदारनगर निवासी कुछ लोगों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर सत्यनारायण तेली पर प्राणघातक हमला किया गया। इस संबंध में बनेड़ा थाने में मुकदमा संख्या 102/2026 दर्ज है, लेकिन समाज का आरोप है कि मामले की गंभीरता के अनुरूप भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 (2) एवं 110 नहीं जोड़ी गई और न ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

समाज के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद पीड़ित एवं उसके परिवार को लगातार धमकियां दी जा रही हैं। ज्ञापन में कहा गया कि आरोपियों द्वारा पीड़ित परिवार में भय का माहौल बनाया जा रहा है तथा गांव में दहशत फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। समाज ने इसे कानून-व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए पुलिस से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।

तेली समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि मामले की निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच कर मुकदमे में संगठित अपराध से संबंधित धाराएं जोड़ी जाएं तथा सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और क्षेत्र में कानून का राज स्थापित हो।

इस दौरान एडवोकेट लादूलाल तेली, एडवोकेट ओमप्रकाश नैणावा, एडवोकेट कुशल साहू, शंकरलाल तेली, कैलाशचंद्र आसरवा, जगदीश राजोरा, मोहन दिया, पूरण तेली सहित तेली समाज के सैकड़ों युवा एवं समाजजन मौजूद रहे। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



QUICK BITES

## 5 से 21 जून तक चलेगा '12 साल विश्वास के विकास के और जनकल्याण के' अभियान

**प्रशासन की संयुक्त टीम कर रही नुकसान का आकलन, फसलों की गिरदावरी भी शुरू**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 5 जून से 21 जून 2026 तक '12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के' अभियान के तहत विभिन्न जनजागरूकता एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान की तैयारियों और सफल क्रियान्विति को लेकर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को वर्चुअल बैठक लेकर जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने अभियान के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। विभिन्न विभागों को कार्यक्रमों के आयोजन एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अभियान के तहत 9 जून को संध्या आरती एवं संध्या चौपाल, 10 जून को नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम, जबकि 11 एवं 12 जून को प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव द्वारा जनकल्याण शिविरों की समीक्षा तथा मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 12 से 14 जून तक जनकल्याण शिविर, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी तथा प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित होंगी। शिविरों में आमजन की समस्याओं का समाधान, योजनाओं की जानकारी एवं विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

वहीं 15 से 21 जून तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिदिन योग कार्यशालाएं, जनकल्याण शिविर एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक महाराज सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ, भक्तों की उमड़ी भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




नृसिंह द्वारा स्थित मंदाकिनी महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने नगर में आकर्षक शोभायात्रा निकाली, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा मंदाकिनी महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर चारभुजा मंदिर, सदर बाजार और तेजाजी चौक सहित प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए तथा भगवान के जयकारों से नगर गूंज उठा।

नृसिंह द्वारा के महंत श्यामदासजी महाराज के सानिध्य में आयोजित कथा में चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) से पधारे स्वामी मुक्तानंदजी महाराज श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। कथा के प्रथम दिवस स्वामीजी ने श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति, सत्संग और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

कथा में गोविंद पाराशर, उदयलाल कोली सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 14 जून तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

## 60 वर्षों से बसे आशियानों पर यूआईटी के नोटिस से फूटा तेलीखेड़ा ग्रामीणों का गुस्सा, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



**पुनित चपलोत**

जिले के तेलीखेड़ा गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले 50 से 60 वर्षों से आराजी नंबर 855 पर पक्के मकान बनाकर अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्वक निवास कर रहे हैं। इन मकानों में नियमानुसार विद्युत कनेक्शन भी जारी हो चुके हैं। इतने दशकों में कभी भी किसी प्रशासनिक विभाग ने उन्हें अतिक्रमी नहीं माना और न ही कोई कार्रवाई की। लेकिन अब अचानक नगर विकास न्यास (यूआईटी) भीलवाड़ा द्वारा इन मकानों को अतिक्रमी बताते हुए बेदखली के नोटिस थमा दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पास सिर छुपाने के लिए इस भूमि के अलावा और कोई आशियाना या जमीन उपलब्ध नहीं है।

प्रशासन को सौंपे गए इस ज्ञापन में सोहन तेली, गोपाल लाल, नन्दराम बैरवा, नारायण तेली, श्याम लाल, रतन लाल सहित तेलीखेड़ा के समस्त ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस भूमि को नियमित करने की मांग उठाई गई थी। इस पर तत्कालीन अपर जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार और नगर विकास न्यास द्वारा मौका रिपोर्ट चाही गई थी। वर्ष 2018 में पटवारी द्वारा तैयार की गई मौका पर्चा रिपोर्ट और यूआईटी की अनापत्ति में भी ग्रामीणों के पक्ष को सही माना गया था। राजस्व रिकॉर्ड में यह हिस्सा भले ही रास्ते के रूप में दर्ज हो, लेकिन मौके पर पर्याप्त चौड़ा रास्ता अलग से उपलब्ध है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है कि जनहित और मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उन्हें अपने ही घरों से बेदखल होने से बचाया जाए। साथ ही, उक्त आराजी को आवासीय व आबादी क्षेत्र में संपरिवर्तित कर नगर विकास न्यास को पट्टे जारी करने के आदेश दिए जाएं।

# जांगिड़ प्रीमियर लीग (JPL) सीजन-8 का हुआ शानदार आगाज उद्घाटन मैच जांगिड़ कैपिटल ने 29 रन से जीता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**पुनित चपलोत**




जांगिड़ समाज के बहुप्रतीक्षित क्रिकेट टूर्नामेंट जांगिड़ प्रीमियर लीग (JPL) सीजन-8 का शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दिन का उद्घाटन मुकाबला जांगिड़ कैपिटल और जांगिड़ इंडियंस के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में जांगिड़ कैपिटल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 29 रन से जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला जांगिड़ वॉरियर्स और जांगिड़ सुपर जायंट्स के बीच खेला गया। इस मैच में जांगिड़ वॉरियर्स ने शानदार बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी के दम पर 22 रन से जीत हासिल कर महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किए। टूर्नामेंट के पहले ही दिन खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दर्शकों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर मैचों का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। JPL सीजन-8 के अंतर्गत प्रतिदिन दो मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। आयोजकों ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से टूर्नामेंट में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

# मांडलगढ़ पहुंची गौ सेवा परमार्थ यात्रा, समाजजनों ने किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।




गौ सेवा परमार्थ यात्रा के अंतर्गत संचालित 12 ज्योतिर्लिंग, 4 धाम एवं 51 शक्तिपीठ अखंड भारत पदयात्रा इन दिनों मांडलगढ़ क्षेत्र से गुजर रही है। इस दौरान होडा ग्राम में यात्रा का श्रद्धा एवं उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

यात्रा के आयोजकों के अनुसार यह पदयात्रा 22 मई 2023 को प्रारंभ हुई थी और इसका समापन 22 मई 2038 को मानसरोवर एवं आदि कैलाश में 13 लाख 'नमः शिवाय' जाप के साथ होगा। यात्रा का उद्देश्य गौ सेवा, धर्म जागरण एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना है। होडा ग्राम में आयोजित स्वागत समारोह में सेन समाज मंदिर त्रिवेणी कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र सेन के नेतृत्व में समाजजनों ने यात्रियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नन्दलाल सेन, प्रहलाद सेन, धन्नालाल सेन, एडवोकेट जमनालाल सेन, श्यामलाल सेन, सत्यनारायण सेन, शांतीलाल सेन, राधेश्याम सेन, फतेहलाल सेन, योगेश सेन, भगवतीलाल सेन, मिठ्ठूलाल सेन एवं दुर्गेश सेन सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पुरुषोत्तम मास में भक्ति और समरसता का अद्भुत संगम, कमला विहार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीहरि को अर्पित हुआ छप्पन भोग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर कमला विहार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के तहत भगवान श्रीहरि को श्रद्धालुओं द्वारा समरसता का भव्य छप्पन भोग अर्पित किया गया।

मंडल की लीला चेचाणी ने बताया कि आयोजन में क्षेत्र की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। भक्तों ने अपने-अपने घरों से भगवान के लिए विभिन्न प्रकार के पकवान, मिठाइयां एवं ड्राई फ्रूट्स तैयार कर लाकर समर्पित किए। सामूहिक रूप से अर्पित किए गए छप्पन भोग ने श्रद्धा और एकता का सुंदर संदेश दिया।

भजन-कीर्तन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। 'आओ-आओ रे सांवरिया ', 'नाचे-नाचे मन मोरिया' सहित अनेक भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीहरि की आराधना करते हुए पुरुषोत्तम मास के आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सत्यप्रभा सोमानी, शोभा सुनीता तोषनीवाल, लीला चेचाणी, सीता चांडक, भगवती मूंदड़ा, सरोज भंवर कंवर, सुमन तिवारी, सूरज चौधरी, प्रवीणा सिंह, सखी कचोलिया, सुधा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में मंदिर के पंडित सांवरमल ने दोपहर 12:15 बजे महाआरती संपन्न करवाई। महाआरती के पश्चात भगवान को अर्पित छप्पन भोग का प्रसाद सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, प्रेम, सौहार्द और समरसता की अनूठी छटा देखने को मिली।

# पुरुषोत्तम मास में भक्ति का महासंगमः बैकुंठधाम सगतपुरिया में गूंजे जयकारे, रामचरितमानस पाठ और वैदिक अनुष्ठानों से आलोकित हुआ वातावरण

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**



पुरुषोत्तम अधिकमास की पावन बेला में निकटवर्ती सगतपुरिया ग्राम स्थित बैकुंठधाम इन दिनों श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति के अनुपम उत्सव का केंद्र बना हुआ है। रविवार से प्रारंभ हुआ श्रीरामचरितमानस पाठ, वैदिक अनुष्ठान और धार्मिक आयोजनों का यह विराट आयोजन पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर रहा है। बैकुंठधाम परिसर में गूंजते वैदिक मंत्र, शंखनाद, घंटियों की मधुर ध्वनि और श्रद्धालुओं के जयघोषों ने ऐसा दिव्य वातावरण निर्मित किया कि हर आगंतुक स्वयं को अध्यात्म की अनंत ऊर्जा से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है।

सोमवार को आयोजन के दूसरे दिन भी भक्ति का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। साधकों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से बैकुंठधाम परिसर जीवंत बना रहा। 'जय जुझारजी ', 'जय सगसजी' और 'जय बैकुंठधाम' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था की चमक और मन में प्रभु भक्ति का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के आराध्य भगवान चारभुजानाथ के पावन बेवाण को गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ बैकुंठधाम लाने से हुई। मार्गभर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बेवाण के साथ चले। बैकुंठधाम पहुंचने पर उपासक महेंद्र जोशी के नेतृत्व में भगवान की भव्य आरती और वंदना की गई। यह दृश्य श्रद्धा और समर्पण का अद्भुत प्रतीक बन गया। इसके बाद बैकुंठधाम में विराजमान सभी देवी-देवताओं का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ अभिषेक किया गया। हवन-कुंड में मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, धर्म संरक्षण और जन-जन के सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। पूरे परिसर को आकर्षक धार्मिक सजावट से सुसज्जित किया गया था, जिससे वातावरण और भी दिव्य एवं मनोहारी प्रतीत हो रहा था।

आयोजन के प्रमुख उपासक महेंद्र जोशी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में आयोजित यह श्रीरामचरितमानस पाठ भक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नयन का विशेष अवसर है। उन्होंने बताया कि पाठ की पूर्णाहुति सोमवार प्रातः संपन्न होगी। इस अवसर पर विशेष भैरव यज्ञ एवं महाहवन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विश्व शांति, मानव कल्याण, रोग-शोक से मुक्ति और समाज में सुख-समृद्धि की कामना के साथ वैदिक मंत्रों द्वारा आहुतियां अर्पित की जाएंगी। इस धार्मिक महायज्ञ को सफल बनाने में विद्वान आचार्यों और पंडितों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ज्योतिषाचार्य हरिशंकर शर्मा मंशा के मार्गदर्शन में पंडित कैलाश तिवाड़ी (गोगा का खेड़ा), पंडित जगदीश तिवाड़ी, पंडित सत्यनारायण जोशी, पंडित अभिषेक पाराशर, पंडित भगवान पुरोहित तथा पंडित हर्षित तिवाड़ी ने विभिन्न वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इनमें गणेश पूजन, षोडशोपचार पूजन, वास्तु पूजन, योगिनी पूजन, नवग्रह पूजन, रुद्राभिषेक, क्षेत्रपाल पूजन, सर्वतोभद्र मंडल स्थापना, रामायण मंडल पूजन, रामदरबार, हनुमानजी एवं चारभुजा भगवान का विशेष पूजन-अभिषेक शामिल रहा। धार्मिक आयोजन में केवल सगतपुरिया ही नहीं, बल्कि कोटड़ी, आकोला, शाहपुरा और भीलवाड़ा सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों से बड़ी संख्या में साधक एवं श्रद्धालु पहुंचे। पूरे दिन बैकुंठधाम में भक्ति, साधना और वैदिक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने रामचरितमानस के चौपाइयों का श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर स्वयं को धन्य महसूस किया।


उल्लेखनीय है कि बैकुंठधाम सगतपुरिया आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र का प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र बन चुका है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन की अनेक पीड़ाओं से राहत का अनुभव होता है। यही कारण है कि प्रत्येक रविवार और प्रत्येक दूज तिथि को यहां नियमित रूप से आध्यात्मिक आयोजन, सत्संग एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर आत्मिक सुख प्राप्त करते हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का समन्वय सिखाती है : कृपा रामजी महाराज

## महेश वाटिका में सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का हुआ भावपूर्ण विश्राम

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

पूरणमल-सम्पत देवी रांदड़ परिवार के तत्वावधान में महेश वाटिका में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस जोधपुर के परम श्रद्धेय कथा व्यास कृपा रामजी महाराज ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और सदाचार का संदेश दिया। कथाव्यास कृपा रामजी महाराज ने उद्धव-गोपी संवाद का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति निष्काम और अनन्य प्रेम संसार में भक्ति की सर्वोच्च मिसाल है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और तर्क की सीमाएं होती हैं, किंतु प्रेम और समर्पण के सामने स्वयं भगवान भी बंध जाते हैं। गोपियों ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित कर दिया, यही सच्ची भक्ति का स्वरूप है।





कथा में रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का दिव्य मिलन धर्म, प्रेम और विश्वास की विजय का प्रतीक है। भगवान अपने भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं और उचित समय पर उनकी रक्षा करते हैं। उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता स्वार्थ से परे होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा सुदामा के प्रति जो प्रेम और सम्मान प्रदर्शित किया, वह मानव समाज के लिए आदर्श है। भगवान भाव के भूखे हैं, वैभव के नहीं। निष्कपट प्रेम और श्रद्धा से किया गया स्मरण भक्त को भगवान की कृपा का पात्र बनाता है। कथा के दौरान राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला का दिव्य मार्गदर्शक है। मृत्यु के अंतिम क्षणों में भी यदि मनुष्य भगवान का स्मरण कर ले तो उसका जीवन धन्य हो जाता है। भागवत श्रवण से मनुष्य के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कथा के मध्य प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कृष्ण भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे तथा पूरा हॉल जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयघोषों से गुंजायमान रहा। कथा विश्राम के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति हवन का आयोजन किया गया। यजमान परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां देकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति की कामना की। हवन के दौरान वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

आयोजक परिवार की ओर से जगदीश सोनी, मोहित सोनी, केशव सोनी, पंकज रांदड़, पवन रांदड, रामकुमार बाहेती, नंदकिशोर मालपानी, शिवरतन करवा, रमेश सोनी, कैलाश जाजू, एवं रोहित रांदड़ ने सफल आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी जनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के उत्साह और सहयोग से कथा महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


# सच्चे सद्गुरु की शरण से परमात्मा की प्राप्ति -सन्त ग्यारसीलाल

## मांडलगढ़ के धामनियां ग्राम में निरंकारी सत्संग आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

उपखंड क्षेत्र की धामनिया ग्राम पंचायत सर्किल के बंजारों का झुपड़ा ग्राम में निरंकारी सत्संग का आयोजन महात्मा पप्पू बंजारा के आवास पर किया गया। सत्संग का आयोजन भीलवाड़ा मुखी व ब्रह्मज्ञानी सन्त श्री ग्यारसीलाल जी महात्मा के सानिध्य में हुआ। उन्होंने ने उपस्थित सन्तो को सम्बोधन में कहा कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए सच्चे सदगुरू की शरण की याए आवश्यकता है ओर वे ही निरंकार के रूप में हर जगह व्याप्त प्रभु के दीदार करवाकर जीवन की नैया पार करवा सकते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा सन्तो का मार्गदर्शन कर उन्हें जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान की जा रही है व उनके जीवन का कल्याण किया जा रहा है। महात्मा ग्यारसीलाल जी ने कहा कि सच्चे सतुगुरु अंधकार से उझाले की ओर सन्तो को ले जाकर उनका भविष्य सवारते है। उन्होंने बताया कि सतुगुरु न केवल सही मार्ग दिखाता है, बल्कि भटकी हुई आत्मा को मंजिल तक पहुंचाने का कार्य भी करता है। उनके अनुसार, सद्?गुरु सर्व समर्थवान होता है और उसके समान कोई दूसरा दाता नहीं होता।

सत्संग में आसपास के गांवों से आए सन्तो ने भजन,गीत,विचार प्रस्तुत कर उपस्थित सन्तो का मार्गदर्शन किया। सत्संग में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के श्रद्धालओं ने भाग लिया। इस दौरान महात्मा सुखदेव,राजकुमार,



रामप्रसाद महात्मा ,शंकरलाल सहित अन्य संतगण मौजूद रहे।

# शिवमहापुराण कथा श्रवण से पापों का नाश एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है- स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज


## हरि शेवा उदासीन आश्रम में पुरषोत्तम मास में धर्म गंगा की त्रिवेणी...

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

सनातन सेवा समिति, हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी उदासीन महाराज के सान्निध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। प्रारंभ में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन, संत मायाराम, संत गोविन्द राम, संत राजाराम, संत ईशान राम, संत सुयज्ञ राम, संत केशव राम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री शिवमहापुराण ग्रंथ का पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात ग्रंथ को शोभायात्रा के रूप में मंदिर से कथा सभागार लाकर विधिवत मंत्रोच्चार से व्यासपीठ पर स्थापित किया गया।

व्यासपीठ से उदासीन संस्कृत विद्यालय,काशी (उ.प्र.) के ओजस्वी वाणी के प्रखर वक्ता स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा, शिवतत्व तथा सनातन संस्कृति के विविध आध्यात्मिक आयामों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीशिवमहापुराण का श्लोक - पुराणश्रवणं शम्भोर्नाम संकीर्तनं तथा।

कल्पद्रुमफलं सम्यङ् मनुष्याणां न संशयः॥ उद्धत करते हुए कहा भगवान शंकर के महापुराण का श्रवण तथा उनके नाम का संकीर्तन मनुष्यों को कल्पवृक्ष के समान सभी शुभ फलों की प्राप्ति कराने वाला है। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं है। साथ ही उन्होंने एक अन्य श्लोक का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा- 'सर्व





पापविनिर्मुक्तः सद्यः शिवपदं लभेत। अथवा सप्तरात्रं वा वसेद्वा पञ्चरात्रकम॥' जो श्रद्धापूर्वक शिव महापुराण का श्रवण करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर शिवलोक अथवा शिवपद को प्राप्त करता है। यदि कोई व्यक्ति सात अथवा पांच रात्रियों तक भी श्रद्धा से कथा का श्रवण करे तो उसे महान आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज ने देवराज ब्राह्मण एवं शोभना प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की कथा, भक्ति और नामस्मरण का विशेष महत्व है। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि देवराज नाम का एक ब्राह्मण अपने सदाचार से भटक गया था। वह पापकर्मों में लिप्त हो गया और शोभना नामक एक वेश्या (गणिका) के मोह में पड़कर अपना जीवन व्यतीत करने लगा। दोनों ने अनेक अनुचित कर्म किए, जिसके कारण उन्हें भारी पाप का भागी माना गया। समय आने पर देवराज एक स्थान पर पहुँचा जहाँ शिवपुराण की कथा चल रही थी। वह वहाँ श्रद्धा से नहीं, बल्कि संयोगवश बैठ गया, किंतु कथा उसके कानों में पड़ती रही। शिवमहिमा, भक्ति और धर्म के उपदेश सुनते-सुनते उसके भीतर परिवर्तन आने लगा। अंततः मृत्यु के समय भगवान शिव की कृपा से उसके पाप क्षीण हो गए।शिवपुराण के श्रवण और भगवान शिव के स्मरण के प्रभाव से देवराज को शिवलोक की प्राप्ति हुई।

शोभना को भी उसके साथ जुड़े पुण्यफल का लाभ मिला। जब यमदूत उसे ले जाने आए तो शिवदूतों ने हस्तक्षेप कर उसे भगवान शिव की शरण में पहुँचाया।

स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज ने कहा कि अनजाने में ही शिवकथा का श्रवण महान पापों का नाश करने वाला माना गया है। सच्चा पश्चात्ताप और भगवान शिव की शरण ग्रहण करने से जीवन में परिवर्तन संभव है।

भगवान शिव को अत्यंत करुणामय और आशुतोष कहा गया है, जो भक्त पर शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग और धर्मकथा का प्रभाव व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है। उन्होंने कहा कि शिवमहापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, सदाचार और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करने वाला दिव्य ज्ञानसागर है। कथा श्रवण से मनुष्य के अंतःकरण की शुद्धि होती है तथा उसके संचित पापों का क्षय होता है। उन्होंने कहा कि यदि पापी से पापी व्यक्ति भी श्रद्धा और विश्वास के साथ शिवमहापुराण कथा का श्रवण करता है, तो भगवान शिव की कृपा से उसके जीवन में परिवर्तन आता है और अंततः उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

कथा के दौरान भक्ति रस से सराबोर वातावरण में भजन गायक मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन 'आओ महिमा गाए भोलेनाथ की, भक्ति में खो जाए भोलेनाथ की, जय बोलो जय बोलो भोलेनाथ की' पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। भजन की मधुर प्रस्तुति और शिवमय वातावरण ने पूरे पांडाल को भक्तिरस से ओतप्रोत कर दिया तथा भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए नृत्य किया। कथा के दौरान भगवान शिव के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इससे पूर्व सवेरे श्री विष्णु यज्ञ में अभय -रितिका ,चंदा टेलर , एवं आशीष माहेश्वरी ने आहुतियाँ दी तथा महादेव का अभिषेक कर पुण्य लाभ लिया । सायं काल प्रतिदिन काशी की तर्ज पर गंगा आरती, आठों पहर रामधुन ,दुर्गा सप्तशती पाठ हो रहे है । आश्रम के संत मायाराम एवं संत गोविन्दराम ने श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास के दौरान हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भीलवाड़ा में प्रवाहित हो रही धर्म, भक्ति एवं सत्संग की त्रिवेणी का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

## QUICK BITES

### बनेड़ा में 27 घरों में एक साथ गूंजे वैदिक मंत्र, सामूहिक हवन संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचंद पेसवानी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बनेड़ा क्षेत्र में रविवार को 27 घरों में एक साथ सामूहिक यज्ञ एवं हवन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुए। वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञीय सुगंध से पूरे क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।

जिला समन्वयक सरोजना व्यास ने बताया कि यह आयोजन राजेंद्र सिंह शक्तावत, लादू सिंह शक्तावत एवं महितोष ओझा की प्रेरणा और पहल पर आयोजित किया गया। गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञा युवा मंडल तथा महिला मंडल भीलवाड़ा के कार्यकर्ताओं के सहयोग से सभी 27 घरों में एक ही समय पर हवन संपन्न कराए गए।

इस दौरान श्रद्धालुओं को परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रवर्तित युग निर्माण योजना का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में नैतिकता, संस्कार, सद्भावना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

### महिलाओं ने किया कीर्तन-भजन, कराया कन्या भोज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



कस्बा स्थित खेडाखूंट माताजी मंदिर पर महिलाओं ने कीर्तन-भजन का आयोजन किया।आयोजक सुनीता प्रजापत ने बताया कि पुरषोत्तम मास में माताजी की स्तुति और पितृ तर्पण की कामना के साथ कस्बे के बड़ा दरवाजा के अंदर,ओडपुरिया और चारण माता मोहल्ले की सैकड़ों महिलाओं ने भजन-कीर्तन और नृत्य आयोजन में भाग लिया। महिलाओं ने सुबह से भजन-कीर्तन और नृत्य कर माताजी की स्तुति की। इस अवसर पर प्रसादी,कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन भी किया गया।

### केंद्र की मोदी सरकार के 12 साल पूर्ण, भाजपा मनाएगी विश्वास, विकास और जनकल्याण का जश्न

**21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की बैठक में बनाई रणनीति**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के ऐतिहासिक एवं सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला भाजपा संगठन 21 जून तक विश्वास, विकास और जनकल्याण के संदेश के साथ जिले भर में जश्न मनाएगी। विभिन्न आयोजनों की तैयारियों के लिए जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि 21 जून तक एक पेड़ मां के नाम, विशेष जनसंपर्क अभियान, मीडिया संवाद, जन कल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला सहित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विशिष्ट आयोजन जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला मुख्यालय से लेकर उपखण्ड स्तर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जिले के बूथ स्तर तक के हजारों कार्यकर्ता अपनी सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा के जिला संयोजन में 17 सदस्यीय संचालन समिति गठित की गई है।

बैठक में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी सहित संचालन समिति से कुलदीप शर्मा, अशोक तलाईच, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अनिल सिंह जादौन, अभिश्रुता सोलंकी, रागिनी गुप्ता, शंकरलाल जाट, सावन दिया, यशोवर्धन सेन, लव कुमार जोशी, पंकज प्रजापत, जगदीश गुर्जर, धवल शर्मा उपस्थित रहे।

### हनुमान टेकरी आश्रम पर सप्त दिवसीय श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ का आगाज

**गूंजे भगवान के जयकारे, भक्तिपूर्ण माहौल में निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर भगवान श्री हरि माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने हेतु धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार सप्त दिवसीय श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ का छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य सोमवार को सुबह भव्य कलश शोभायात्रा एवं मंडप प्रवेश के साथ शुभारंभ हुआ। राष्ट्र कल्याण एवं सर्व मंगल की कामना के साथ से हो रहे इस 11 कुण्डीय महायज्ञ में लक्ष्मी स्वरूपा कन्याओं के साथ यजमान आहुति दे रहे है। महायज्ञ प्रारंभ होने के सुअवसर पर सुबह छोटी हरणी स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर से यज्ञ मण्डप तक बैण्ड की मधुर स्वरलहरियों के मध्य भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के साथ संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगलकलश लेकर चल रही थी। कलश शोभायात्रा में छोटी हरणी के ग्रामीणों के साथ भीलवाड़ा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भी श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में सबसे अंत में एक बग्गी में वृन्दावन से लाई गई ठाकुरजी की छवि विराजमान थी। शोभायात्रा में नवदुर्गा अखाड़ा से जुड़ी बालिकाओं ने अखाड़ा प्रदर्शन किया। अखाड़े के संजय शर्मा एवं गुंजन दाधीच ने बताया कि करीब 150 बालिकाओं ने शारीरिक बल कौशल का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा हनुमान टेकरी आश्रम स्थित यज्ञ मण्डप पहुंचने के बाद महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री शारदा सनातन परमार्थ न्यास के वेदाचार्य पंडित मुकेश शास्त्री के निर्देशन में विधि विधान के साथ के 11 कुण्डीय विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ प्रारंभ हुआ। प्रत्येक यज्ञ वेदी पर लक्ष्मी स्वरूपा एक कन्या के साथ यजमानों ने आहुति दी। महायज्ञ के प्रारंभ में गणपति मण्डल के देवताओं का पूजन एवं वास्तु मण्डल के देवताओं का आह्वान, स्थापना, पूजन कर अरणी मंथन के द्वारा अग्नि का प्रादुर्भाव हुआ। इसके बाद नवग्रह मण्डल के देवताओं का आह्वान,स्थापना,पूजन, प्रधान गौरी सर्वोतभद्र मण्डल के देवताओं का मंत्रों द्वारा आह्नन, स्थापना, पूजन एवं विष्णु लक्ष्मी का पूजन व आह्नन किया गया। देवताओं का हवन,अर्चन,आरती कर पक्रिमा करते हुए प्रसाद वितरण कर पावन यज्ञ का विश्राम हुआ। महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के अनुसार विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ में 111 कलशों को लक्ष्मी स्त्रोत से सिद्ध किया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति होने के बाद यजमानों को लक्ष्मी कलश प्रदान किए जाएंगे। विशेष औषधियों से हवन दसविद् लक्ष्मी प्राप्ति,ऋण मुक्ति, रोग नाश ओर राष्ट्र कल्याणार्थ के लिए किया जा रहा है। महायज्ञ के तहत दूसरे दिन मंगलवार गुड, केसर, अनार, हरिद्रा आदि अनेक प्रकार के द्रव्यों से हवन किया जाएगा। महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक होगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 14 जून को अभिजीत मुर्हुत में होगी। महायज्ञ के साथ सोमवार रात से श्री राधा रासेश्वरी रासलीला मण्डल श्रीवृन्दावनधाम मथुरा द्वारा भक्तिपूर्ण रासलीला की प्रस्तुति का दौर भी शुरू हो गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।